एफएसएसएआई
fssai

For immediate release

उत्पादों पर भ्रामक दावों की रिपोर्ट करने के लिए एफएसएसएआई की नई पहल

उपभोक्ता अब फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप या FoSCoS के माध्यम से झूठे दावों की रिपोर्ट कर सकते हैं

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, 30 अप्रैल 2025: भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एक नई डिजिटल सुविधा शुरू की है जिसके जरिए उपभोक्ताओं को खाद्य उत्पाद लेबल पर किए गए भ्रामक दावों की सीधे रिपोर्ट कर सकेंगे। उपभोक्ता अब पैक किए गए खाद्य पदार्थों पर प्रदर्शित भ्रामक या झूठे दावों के संबंध में फूड सेफ्टी कनेक्ट मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से या खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली [FoSCoS – https://foscos.fssai.gov.in] के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यह पहल एफएसएसएआई के पारदर्शिता को बढ़ावा देने, उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करने और देश में खाद्य सुरक्षा नियमों को मजबूत करने कि दिशा में एक अनूठी पहल है।

यह पहल आवश्यक विवरणों की आसान प्रस्तुति की सुविधा प्रदान करता है, जैसे कि भ्रामक दावे को उजागर करने वाली फ्रंट-ऑफ-पैक छवियां, निर्माता का एफएसएसएआई लाइसेंस या पंजीकरण संख्या, और यदि उत्पाद ऑनलाइन बेचा जा रहा है तो ई-कॉमर्स यूआरएल। ये इनपुट नियामक अधिकारियों को गैर-अनुपालनकारी खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) के खिलाफ त्वरित और साक्ष्य-आधारित कार्रवाई करने में सहायता करेंगे।

यह उपभोक्ता-केंद्रित कदम खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018 और लेबलिंग और प्रदर्शन विनियम, 2020 के तहत एफएसएसएआई के नियामक ढांचे पर आधारित है, जिसमें यह अनिवार्य है कि खाद्य उत्पादों पर किए गए सभी दावे सत्य, स्पष्ट, सार्थक, गैर-भ्रामक हों और यह दावा कि भोजन में कुछ पोषण या स्वास्थ्य संबंधी गुण हैं, वैज्ञानिक रूप से सिद्ध होने चाहिए।

यह पहल एफएसएसएआई की विज्ञापन और दावा निगरानी समिति (एएमसी) के कामकाज के अनुरूप भी है, जो नियामक अनुपालन की जांच के लिए खाद्य उत्पादों के लेबल और विज्ञापन में किए गए दावों की निगरानी करती है। नई रिपोर्टिंग तंत्र उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण की आंख और कान के रूप में कार्य करने के लिए सशक्त बनाकर जमीनी स्तर पर सतर्कता को मजबूत करता है।

एफएसएसएआई सभी नागरिकों को खाद्य लेबलिंग में ईमानदारी सुनिश्चित करने और स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान करने के लिए इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। फूड सेफ्टी कनेक्ट मोबाइल एप्लिकेशन Google Play Store और Apple App Store पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।

****